एक नजर में

रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर भाजयुमो नेता ने सिंधिया को सौंपा मांग पत्र

पिपलियामण्डी। पिपलिया स्टेशन, मंदसौर, नीमच में रेलवे सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता संदीपसिंह राठौड़ ने केंद्रीय रेल मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में क्षेत्रीय यात्रियों, व्यापारियों व श्रद्धालुओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई प्रमुख मांगें रखी गई हैं। भाजयुमो प्रदेश सदस्य राठौड़ ने मांग की कि काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस (17605/06) का पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि पिपलिया नगर एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है, विशेषकर लहसुन मंडी के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों व्यापारी हैदराबाद व दक्षिण भारत के शहरों की यात्रा करते हैं। ऐसे में इस ट्रेन का ठहराव आम यात्रियों को सीधी सुविधा प्रदान करेगा, विशेष रूप से भोपाल और उज्जैन के लिए दिन के समय यात्रा सुगम होगी। इसके साथ ही उन्होंने 11125/26 और 21125/26 भिंड/ग्वालियर-रतलाम एक्सप्रेस को नीमच तक विस्तारित करने की मांग की, जिससे संपूर्ण मालवा क्षेत्र की उत्तरी मध्यप्रदेश से सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। राठौड़ ने यह भी उल्लेख किया कि मन्दसौर से कोटा, मथुरा होते हुए नई दिल्ली और हरिद्वार के लिए एक नई रेल सेवा की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में चलने वाली 29019/20 मन्दसौर- मेरठ एक्सप्रेस कोरोना के दौरान बंद कर दी गई, लेकिन उसके स्थान पर अभी तक कोई नई ट्रेन सेवा शुरू नहीं की गई है। इसलिए, 19815/16 और 20451/52 ट्रेनों को जोड़कर मन्दसौर-नई दिल्ली एक्सप्रेस की सेवा प्रारंभ की जाए अथवा नई रेलगाड़ी की भी सुविधा दी जाए। इसके अतिरिक्त, पिपलिया नगरवासियों व श्रद्धालुओं के लिए इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस (19333/34) के पिपलिया स्टेशन पर ठहराव की मांग को भी प्रमुखता से रखा गया। राठौड़ ने बताया कि उक्त टेऊन को रोकने के लिए खाटू श्यामजी व सालासर बालाजी के श्रद्धालुओं की यह मांग लंबे समय से की जा रही है। राठौड़ ने विश्वास जताया गया कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी। राठौड़ ने बताया ज्ञापन की प्रति क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को भी भेजी है।

पिपलिया मंडी में लहसुन सहित अन्य जिंसों के भावों में उतार-चढ़ाव, मसूर और अलसी में दिखी मजबूती

पिपलियामण्डी। शनिवार को पिपलिया कृषि उपज मंडी में विभिन्न जिंसों के भावों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कुछ जिंसों में अच्छी तेजी रही, तो वहीं कुछ उपज औसत स्तर पर ही बिकती नजर आई। मंडी में किसानों की अच्छी आवक रही, जिससे खरीदी-बिक्री में रौनक बनी रही। गेंहू के भाव ?2300 से ?2833 प्रति क्विंटल के बीच रहे। गेंहू की आवक औसत रही और भावों में कोई खास तेजी नहीं देखी गई। चना देशी के भाव ?5181 से ?6025 प्रति क्विंटल के बीच रहे। चने की मांग बनी हुई है, लेकिन खरीदार थोड़े सतर्क नजर आए। मसूर के भाव ?6500 से ?7000 प्रति क्विंटल तक दर्ज किए गए।

विद्यार्थी जीवन में जितना अनुशासन आवश्यक है विवि में नियमित उपस्थिति भी जरूरी है : कुलपति

▶ मंदसौर विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजन किया गया, विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया

मंदसौर। मंदसौर विश्वविद्यालय द्वारा नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 1 और 2 अगस्त को दीक्षारंभ 2025 द्विवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और सामाजिक संरचना से परिचित कराना था, जिससे वे अपने शैक्षणिक जीवन की एक सकारात्मक और संगठित शुरुआत कर सकें। कुलपति प्रो. वी.एस.एस. कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन देते हुए कहा कि कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना अनुशासन आवश्यक हे विश्वविद्यालय में उतना ही नियमित उपस्थिति जरूरी है। इस अवसर उन्होंने नैतिक मूल्य और करुणाशीलता के महत्व पर भी बल दिया। अकादमिक कार्य के डीन डॉ. अरुणावा दास ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, *Outcome-Based Education* प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) के कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन मनीष वर्मा ने परीक्षा प्रणाली, ग्रेडिंग पैटर्न, न्यूनतम उत्तीर्ण मानदंड और प्रोन्नति से संबंधित नियम समझाए।

सीतामऊ में श्रावण के अंतिम सोमवार को निकलेगी शाही सवारी

सीतामऊ। श्रावण माह के अंतिम सोमवार, 4 अगस्त को नगर में भोलेनाथ की ऐतिहासिक शाही सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। महादेव, नर्मदेश्वर, नीलकंठ, रतन कुंड व वेदनाथ महादेव की शोभायात्रा दोपहर 2 बजे मां मोड़ी माताजी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगरभर में भ्रमण करेगी।

शाही सवारी में तिरुपति बालाजी, शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और ताशे विशेष आकर्षण रहेंगे। रात्रि 10 बजे आजाद चौक पर शिव-शक्ति मिलन का अद्भुत दृश्य भक्तों को भावविभोर करेगा।

विभिन्न शिवालयों में रुद्राभिषेक, महाआरती व महाप्रसादी वितरण होगा। जबरेश्वर, बटकेश्वर, कोटेश्वर और गंगेश्वर महादेव मंदिरों में भी भव्य आयोजन होंगे।

कवला तालाब से वन विभाग ने पकड़ा मगरमच्छ, चंबल नदी में छोड़ा - बड़ा मगरमच्छ अब भी आज़ाद

मंदसौर। ग्राम कवला स्थित तालाब से वन विभाग की टीम ने शनिवार, 2 अगस्त को एक मगरमच्छ को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर पकड़ा और उसे चंबल नदी के गहरे जल क्षेत्र में छोड़ दिया। यह कार्यवाही हाल ही में तालाब में एक महिला पर हुए प्राणघातक मगरमच्छ हमले के बाद की गई है।

जानकारी के अनुसार, घटना के तुरंत बाद वन विभाग ने मंदसौर से विशेष पिंजरा मंगवाया और तालाब में लगाया गया। कुछ दिनों के भीतर ही एक छोटा मगरमच्छ पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित रूप से चंबल नदी में छोड़ दिया।

इस सराहनीय रेस्क्यू अभियान में वन विभाग के अधिकारी अंकित भदौरिया, वनरक्षक राजा बाबू, सुरक्षा श्रमिक चांद मोहम्मद, वाहन चालक करू लाल और अन्य वन्य कर्मचारीगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्राम सरपंच जय सिंह गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पिंजरे में जो मगरमच्छ पकड़ा गया है वह छोटा है, जबकि वह बड़ा मगरमच्छ, जिसने महिला और पशुओं पर हमला किया था, अभी भी तालाब में मौजूद है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ने पूरे गांव में चेतावनी जारी कर दी है कि कोई भी व्यक्ति तालाब के आसपास न जाए।

नवीन तहसील कार्यालय पर वृक्षारोपण

गरोठ। भारत विकास परिषद शाखा गरोठ एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 अगस्त को नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा सचिव हेमन्त पाटीदार ने बताया कि इस अवसर पर कुल 25 पौधे रोपे गए। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, जलस्तर वृद्धि, मृदा संरक्षण और जैव विविधता के संवर्धन में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

इस पुनीत कार्य में राजस्व विभाग से एसडीए राहुल चौहान, तहसीलदार किरण गेहलोत, नायब तहसीलदार जैनेंद्र कुमार निगम, प्रकाश सोनी, कृष्णकांत मालवीय, दिनेश पाटीदार, योगेश पाटीदार, मोहित शर्मा, पवन, सतीश नागर, परिणा मीना, ऋतू शुक्ला, निकिता गर्ग, गरिमा गेहलोत, श्याम परमार, दिलीप व्यास, यश जैन सहित पटवारी, कोटवार व अन्य कर्मचारी शामिल हुए। भारत विकास परिषद से अध्यक्ष राधेश्याम सेठिया, सचिव हेमंत पाटीदार, कोषाध्यक्ष सोहन सोनी, प्रांतीय पदाधिकारी नरेंद्र चौधरी, डॉ. संजय पंजाबी, महेंद्र जैन, दिनेश चौधरी, मुकेश धनोतिया, राधेश्याम रत्नावत, अनीता व्यास सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना और सामूहिक सहभागिता से हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना रहा।

एक नजर ▶ 123 टीमों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 91 टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर की टीम रही प्रथम विजेता

▶ उत्कृष्ट विद्यालय की टीम राज्य स्तर पर करेगी प्रतिनिधित्व

▶ मंदसौर में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 संपन्न

मंदसौर। मंदसौर मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन लाल बहादुर शास?त्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालय की 123 टीमों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 91 टीम प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई।

प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डॉ विनीता प्रधान प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम चरण में 91 टीमों के द्वारा 100 प्रश्नों का प्रश्न पत्र हल किया तथा सर्वाधिक अंकों के आधार पर 6 टीमों का चयन किया गया जिसने प्रतियोगिता के द्वितीय राउंड ऑडियो विजुअल राउण्ड में भाग लिया। प्रतियोगिता की क्विज मास्टर श्रीमती कीर्ति सक्सेना ने ऑडियो विजुअल राउंड को संपन्न करवाया। प्रतियोगिता के द्वितीय राउंड में उत्कृष्ट विद्यालय की टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर विजेता टीम श्री दलोदा पब्लिक स्कूल दलौदा, तीसरे नंबर पर विजेता टीम श्री साई पब्लिक स्कूल दलौदा रही। उपविजेता टीम क्रमशः शासकीय उत्कृष्ट उमावि भानपुरा, अंकुर उमावि दलौदा एवं सुमन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दलौदा की टीम रही।

भाजपा जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आज गरोठ में, संगठनात्मक विषयों पर होगा मंथन : दीक्षित

मंदसौर। भाजपा मंदसौर जिले की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आज रविवार, 3 अगस्त को गरोठ स्थित शिव कमल रिसोर्ट में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपीकृष्ण नेमा उपस्थित रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में 卐हर घर तिरंगा卐 अभियान, स्वच्छता अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सहित कई संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूलाल बंजारा, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, विधायक हरदीपसिंह डंग व चंद्रसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक कैलाश चावला, यशपालसिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार व राजेंद्रसिंह सिसोदिया, प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर व बाबूलाल चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य एवं मुकेश काला सहित अन्य गणमान्य नेता उपस्थित रहेंगे।

नीमच

एक नजर में

मनासा में विधायक श्री मारू के आतिथ्य में पीएम सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम

मनासा। विधायक श्अनिरुद्ध माधव मारु की अध्यक्षता में मनासा में प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि वितरण का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम मंडी परिसर मनासा में संपन्न हुआ। विधायक श्री मारू ने प्रतीक स्वरूप किसानों को सम्मान निधि के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर काशी(वाराणसी) से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों और अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में किसानों ने सुना व देखा। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा एसडीएम श्री पवन बारिया व अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

इनरव्हील क्लब नीमच के सेवा प्रकल्प संपन्न

नीमच। सेवा के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली संस्था इनरव्हील क्लब की शाखा नीमच के सेवा प्रकल्पों की कड़ी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय नीमच में सेवा प्रकल्प किये गये। संस्था की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय नीमच में सेवा प्रकल्प किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं ओलीवर गोल्डी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन प्रेरणा शर्मा ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत कौर छाबड़ा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रजिया अहमद की सासु माँ की स्मृति में एक छात्र को साईकिल, दो छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म एवं दो छात्रों को रेनकोट प्रदान किये गए। इस अवसर पर मंजुला शर्मा, हेमांगिनी त्रिवेदी, संगीता अग्रवाल, तृप्ति दुआ, ललिता मण्डवारिया, उषा खंडेलवाल, कुसुम कदम, कुसुम काला, ललिता जैन, सिम्मी सलूजा, सुमन अहीर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष रागिनी कालरा ने किया। आभार सचिव प्रेरणा शर्मा ने माना।

महादेव की भक्ति मुक्ति का परिचायक है : प्रमोद उपाध्याय

नीमच। महादेव की जीवन शैली मुक्ति का परिचायक है और मृत्यु शाश्वत सत्य है। इसलिए मैं सदैव पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। शिव की भक्ति करने से पापों की मुक्ति होती है और कष्ट दूर होते हैं। यह बात गुरुदेव प्रमोद जी उपाध्याय मनासा वाले ने कहीं। वे आदित्य स्टेट कॉलोनी परिवार मंडल एवं भक्तगणों के तत्वाधान में महू रोड आदित्य स्टेट कॉलोनी स्थित अमृतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण सभागार में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित 7 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और विश्वास के बिना धार्मिक सत्संग के आयोजन नहीं होते हैं।

जिले में 11 हजार लखपति दीदीयॉ बनी : सांसद गुप्ता

▶ सांसद की अध्यक्षता में नीमच में दिशा कमेटी की बैठक सम्पन्न

बैठक में उद्योग, जल जीवन मिशन द्वारा संचालित कार्यो, योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में सांसद ने जल जीवन मिशन के कार्यो, रोड़ रेस्ट्रोरेशन कार्य की गुणवत्ता जॉच एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विधायक श्री सखलेचा के सुझाव पर जिले के सभी गिट्टी क्रेशरों पर डस्ट प्रबंधन निर्धारित नियमों का एक माह में पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश भी खनिज अधिकारी को दिए गए।

नवभारत न्यूज

नीमच। आजीविका मिशन के तहत नीमच जिले में 4983 स्व सहायता समूह गठित किए गए है। इन समूहों में नीमच जिले के 45 हजार परिवार जुड़े है। तीन हजार से अधिक समूहों को 46 करोड़ से अधिक का रिवाल्विंग फण्ड एवं 1929 समूहों को कुल 899 करोड़ की ऋण राशि विभिन्न आर्थिक गतिविधियॉ संचालित करने के लिए उपलब्ध करवाई गई है। यह जानकारी नीमच, मंदसौर, जावरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित दिशा कमेटी की बैठक में आजीविका मिशन द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए दी।

बैठक में जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ ी अमन वैष्णव, मनासा विधायक प्रतिनिधि श्री बगदीराम गुर्जर, समिति सदस्य, नीमच न.पा.अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, पूर्व न.पा.उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र भटनागर, राकेश पप्पु जैन, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, आदित्य मालू, हेमंत हरित, जनपद अध्यक्ष शारदाबाई धनगर, रतनलाल मालावत, सहित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षगण एवं समिति सदस्यगण तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद ने सभी विभागों से अपेक्षा की, कि वे विभाग द्वारा की जाने वाली सार्वजनिक गतिविधियों की जानकारी सूचना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाए। उन्होने कहा, कि सांसद के पत्रों का उत्तर 7 दिवस में देना अनिवार्य है।

अंतिम श्रावण सोमवार पर भोलेनाथ की शाही सवारी मे ब्राह्मणी नदी घाट पर होगी काशी विश्वनाथ की तर्ज़ पर महा आरती

सिंगोली। नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार श्रावण मास के हर सोमवार को भूतेश्वर महादेव से भोलेनाथ की शाही सवारी बेवाण के रुप निकलती आ रही है। इस वर्ष भी उसी परंपरा के अनुसार भोलेनाथ की शाही सवारी प्रत्येक सोमवार पर निकल रही है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को भोलेनाथ की भव्य शाही सवारी निकलेगी जिसमें इस बार भक्तों द्वारा रात्रि 7 बजे बाबा भूतेश्वरनाथ की शाही सवारी की बोहरा जी के घाट पर काशी विश्वनाथ की तर्ज़ पर महा गंगा आरती की जाएगी ओर आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के भक्तों ने बताया कि ऐसा भव्य आयोजन नगर में पहली बार आयोजित किया जा रहा है।

जुलूस निकालकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक उत्सव मनाया

▶ साध्वी सौम्या दर्शना जी आदि ठाना 4 की महावीर जिनालय विकास नगर में चातुर्मास धर्म श्रृंखला प्रवाहित

नीमच। विकास नगर स्थित महावीर जिनालय आराधना भवन पर 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर विद्वान पंडितों की उपस्थिति में पार्श्वनाथ विधान की पूजन कराई गई। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस अवसर पर साध्वी सौम्या दर्शना श्री जी महाराज साहब ने भगवान पार्श्वनाथ के उपसर्ग पर प्रकाश डाला। मोक्ष कल्याणक के लड्डू समाज जनों ने थाली में सजा कर चढ़ाएं। इस अवसर पर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर के निमित 23.लाड्डू श्रावकों द्वारा चढ़ाए गए ।

ब्राह्मण सोश्यल ग्रुप का नि :शुल्क श्रावणी उपाकर्म रक्षाबंधन पर

नीमच। ब्राह्मण सोश्यल ग्रुप, नीमच के तत्वावधान में स्व. श्री बद्रीप्रसाद शर्मा की स्मृति में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन रक्षाबंधन 09 अगस्त, 2025, रविवार को प्रात: 7 बजे से शिवघाट पर रखा गया है। जहां प्रात: 7 बजे हेमादी स्नान एवं तर्पण क्रिया रहेगी। तत्पश्चात् सत्यनारायण मंदिर, स्कीम नं. 09 पर हवन एवं यज्ञोपवित का कार्यक्रम महंत अयोध्यादास शास्त्री के सानिध्य में एवं सभी कार्यक्रम घनश्याम शास्त्री चल्दुवाले के आचार्यत्व में सम्पन्न करायें जावेंगे। यह कार्यक्रम पूर्णतया नि :शुल्क रहेगा। यह ब्राह्मण समाज का महापर्व है। जिसमें सात पीढ़ी का पितृ तर्पण या अतिमहत्वपूर्ण कर्म भी होता है। सभी विप्रगण अपना आसन एवं पंचपात्र जरूर से अपने साथ लावें। जानकारी ग्रुप अध्यक्ष चेतन व्यास, सचिव जे.सी. शर्मा व कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने दी।

निरंकारी सत्संग आज

नीमच। एक दिवसीय विशाल निरंकारी सत्संग कार्यक्रम पुराने थाने के सामने सिसोदिया भवन बीचली गली जावद पर रविवार 3अगस्त शाम को 5 से 7 बजे तक रहेगा यह कार्यक्रम में सत्संग मार्गदर्शन में उज्जैन क्षेत्र के जोनल इंचार्ज महात्मा राजकुमार गंगवानी जी पधारेंगे जी नीमच के मुखी पदम कुमार कोटक ने बताया है कि सतगुरु माता सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से यह एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है उक्त जानकारी मीडिया सहायक सी एम व्यास ने दी।

बरसात का मौसम गिरता पानी, टपकती छत नौनिहालों को नहीं मिलता पौष्टिक आहार

नीमच। जिले की कहने को तो सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है चीताखेड़ा किंतु यहां आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 4 एव 5 दोनों के हालात बद से बत्तर है लंबे अर्से से आंगनवाड़ी केंद्र प्रभारी ने वरिष्ठ कार्यालय को पत्र के माध्यम से एवं मोखीक रूप से भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराया किन्तु समय बीतता गया और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस ओर द्यान नहीं दिया । बरसात का मौसम शुरू हो गया और आंगनवाड़ी की छत से पानी टपकना शुरू हो गया ,नौनिहालों को बैठाए तो कहा ,ये समस्या आंगनवाड़ी मैडम को सताने लगी क्योंकि आंगनवाड़ी केंद्र 4 में आने वाले बच्चों की संख्या 6 महा से 3 वर्ष तक 38 बच्चों और 3वर्ष से 6वर्ष तक 37 बच्चे उपस्थित रजिस्टर में दर्ज है ऐसे में इन बच्चों को टपकती छत के नीचे कैसे बैठाया जाए,यदि बच्चों को टपकती छत के नीचे बैठाया जाए और कोई अनहोनी हो तो जवाब दार कौन ।

चौरसिया महिला मण्डल के चुनाव संपन्न

नीमच। चौरसिया महिला मण्डल नीमच के चुनाव समाज के मंदिर नागेश्वर धाम पर सम्पन्न हुए। उक्त जानकारी देते हुए समाज की पूर्व अध्यक्ष मीना चौरसिया एवं सचिव सुषमा चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महिला मण्डल के चुनाव पदाधिकारियों का चुनाव, चुनाव अधिकारी डॉ. माधुरी चौरसिया के नेतृत्व में सर्वानुमति से सम्पन्न हुए। महिला मण्डल अध्यक्ष चुनाव अनिता चौरसिया, सचिव विनिता चौरसिया, उपाध्यक्ष शिखा चौरसिया, अंजली चौरसिया, कोषाध्यक्ष प्रियंका चौरसिया, सहसचिव उषा चौरसिया निर्वाचित हुए। सलाहकार मण्डल में सुषमा चौरसिया, मीना चौरसिया, चंदा चौरसिया, सुषमा, अनिरूद्ध एवं लीला चौरसिया चुने गए। कार्यकारिणी में नीलू, विभा, प्रीति, मीना, रीना, प्रियंका एवं मोनिका चौरसिया को चुना गया।